बृहस्पतिवार 32 साल से देहरादून का विश्वास

17 अक्टूबर 2024
- देहरादून
- वर्ष 32
- अंक 247
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94 email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## एक नजर

### जमीन के नाम पर ठगे 50 लाख रुपये



संवाददाता

देहरादून। जमीन के नाम पर पचास लाख रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डिफेन्स कालोनी निवासी रणजीत सिंह असवाल ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसको अपने भवन निर्माण हेतु एवं अपने रिश्तेदारो और जानकारों हेतु एक जमीन की आवश्यकता थी, जिसपर उसके एक परिचित विनय पंवार निवासी नालापानी तपोवन आश्रम, रायपुर, देहरादून जो जमीन क्रय विक्रय का कार्य करता है, द्वारा उसको प्रदीप- सकलानी निवासी फैण्ड्स एनक्लेव, डिफेन्स कॉलोनी, रोड, से परिचित कराया गया तथा प्रदीप सकलानी ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

### दो दुपहिया वाहन चोरी



संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दो स्थानों से दो दुपहिया वाहन चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदीप चौहान ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से मोहकमपुर स्थित मॉल में आया था। उसने अपनी मोटरसाईकिल मॉल की पार्किंग में खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। वहीं बंजारावाला निवासी शादाब अहमद ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी बुलेट मोटरसाईकिल घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सरकारी मीट हलाल है या झटका ?

## दून में एक भी सरकारी स्लाटर हाउस नहीं



विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की सरकार द्वारा राज्य में थूक जिहाद को रोकने के लिए जो कड़े कानून लागू किए गए हैं और सभी पुलिस अधिकारियों ने एडवाइजरी जारी की गई है उसमें सभी होटल, रेस्टोरेंटों व ढाबों में यह लिखने के निर्देश दिए गए हैं कि वह यह भी लिखे कि उनके यहां जो मीट मिलता है वह झटका है या फिर हलाल! सवाल यह है कि क्या सरकार के पास पहले से अपना कोई ऐसा तंत्र है जो झटका और हलाल की पहचान करता हो या सरकारी उपक्रमों से जो मीट बेचा जा रहा है उस पर सरकार ने ऐसे कोई मानक तय किए हुए है? अगर नहीं तो फिर होटल और ढाबों तथा रेस्टोरेंटों के लिए यह नियम क्यों?

उत्तराखंड की सरकार के पास राजधानी दून में अभी तक अपना एक स्लाटर हाउस तक तो है नहीं। मीट जहां से भी आता है क्या वहां सरकार खुद यह देखती है कि मीट झटका है या हलाल। इसकी पुष्टि सरकार कैसे करती है या करेगी? इसका कोई जवाब क्या सरकार के पास है।

राज्य के एक मंत्री ने जिन सरकारी उपक्रमों का उद्घाटन किया था 'बकरा और उत्तरा फिश' क्या उनकी वेबसाइट पर कहीं भी सरकार ने झटका और हलाल लिखा हुआ है। वह मांस मछली, मुर्गा कुछ भी बेच रहे हैं। सरकार पहले इन सरकारी उपक्रमों में तो इस नियम का पालन करा ले। एक और सवाल यह है कि क्या लिखने भर से ही तय हो जाएगा कि मीट झटका है या हलाल यह तो कसाई खाने में ही पता चल सकता है। सरकार का इससे बड़ा तुगलगी फरमान और क्या हो सकता है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# उपनल कर्मियों की समस्या

हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के बाद भी उपनल कर्मियों को उत्तराखंड सरकार नियमित करने को तैयार नहीं है। उपनल के जरिए नौकरी पाने वाले इन 20000 से भी अधिक कर्मचारी महज 8400 की पगार में कैसे अपना जीवन यापन कर रहे होंगे। इस बात को कोई भी आम आदमी समझ सकता है। लेकिन सरकार इन कर्मचारियों की समस्याओं को समझने के लिए तैयार नहीं है। इस छोटी सी पगार में से भी 18 फीसदी जीएसटी और 2.5 फीसदी सेवा कर काट लिया जाता है। अपने नियमिती करण की मांग को लेकर धरने प्रदर्शन और आंदोलनों से भी जब कोई हल नहीं निकल सका तो यह मामला हाई कोर्ट पहुंच गया। हाई कोर्ट द्वारा सरकार को आदेश दिया गया कि सरकार 6 माह के अंदर कर्मचारियों को महंगाई भत्ते के साथ न्यूनतम वेतन प्रदान करें तथा उनके वेतन में कोई कटौती नहीं की जाए तथा चरणबद्ध तरीके से उन्हें नियमित किया जाए। 2018 से यह मामला न्यायाधीन है। सरकार ने जब हाई कोर्ट की बात नहीं मानी तो मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया जिसमें अभी 2 दिन पूर्व ही सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले में कोई दखल न करने की बात कहते हुए राज्य सरकार की अपील को खारिज कर दिया गया। लेकिन सरकार अभी भी इस मामले को लेकर फिर सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने का मन बनाए बैठी है। इसका सीधा मतलब यह है कि सरकार इन उपनल कर्मचारियों को नियमित करने के पक्ष में नहीं है। सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का विधिक परीक्षण करने के बाद फैसला लेने की बात कही जरूर गई थी लेकिन उसकी मंशा कतई भी नहीं है कि इन कर्मचारियों की कोई बात मानी जाए। नियमानुसार इतने लंबे समय से संविदा पर काम करने वाले इन कर्मचारियों को नियमित कर दिया जाना चाहिए क्योंकि उनकी भर्ती किसी चोर दरवाजे से नहीं हुई है। जिस तरह से सचिवालय और विधानसभा में नियुक्तियां की गई थी। एक तरफ सत्ता में बैठे लोगों द्वारा अपने बहू बेटों और सगे संबंधियों को बिना किसी औपचारिकता के नौकरी दे दी जाती है और सीना ठोक कर यह कहा जाता है कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है लेकिन वहीं उपनल के माध्यम से जो लोग नौकरी पर रखे गए हैं उन्हें सरकार नियमित करने को तैयार नहीं है जबकि वह सालों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सरकार का तर्क है कि वह इससे पड़ने वाले आर्थिक बोझ को वहन नहीं कर सकती है। सवाल यह है कि यह कर्मचारी सरकारी सिस्टम से ही नौकरी पर रखे गए हैं जोर जबरदस्ती से नौकरी में नहीं घुस गए। वही अभी बीते दिनों माननीयों द्वारा अपने वेतन और भत्तों में एक लाख रूपये महीना तक इजाफा कर लिया गया और सरकार पर इसका कोई आर्थिक बोझ नहीं बढ़ा। उल्टा संसदीय कार्य मंत्री तर्क देते हैं कि महंगाई भी बढ़ रही है। क्या इन सत्ता में बैठे लोगों को यह नहीं सोचना चाहिए कि उनका गुजारा लाखों में भी नहीं हो रहा है फिर यह उपनल कर्मी 8400 में गुजारा कैसे कर पाते होंगे महंगाई तो उनके लिए भी बढ़ रही है। सरकार को इन कर्मचारियों की समस्याओं पर क्या गंभीरता से विचार नहीं करना चाहिए?

# घर में बंद कर दोस्त मोबाइल, नगदी व कार लेकर फरार

संवाददाता

देहरादून। घर के अन्दर बंद करके दोस्त मोबाइल, नगदी व कार लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देव ऋषि एन्क्लेव निवासी संजीत सिंह ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पहचान एक लडका साहिल उसको लगभग एक माह पहले मौहाली मे मिला था तथा उनकी आपस में दोस्ती हुई थी उन्होंने आपस में साथ घूमने का विचार बनाते हुए देहरादून उसके एक दोस्त के पास आए थे जो कि देवश्रृषि एन्कलेव देहरादून में रहती है आज उसने फोटो देखने के बहाने उसका फोन माँगा जिस दौरान वह नींद में था तथा वह अपना फोन देकर सो गया। सुबह पांच बजे नींद से उठने के बाद उसका दरवाजा बाहर ताले से बंद था जो कि साहिर बंद कर वहां से चला गया। उसके जाने के साथ उनके कमरे से दो मोबाईल फोन और 30 हजार रुपय के साथ उनकी गाडी स्वीफ्ट, आधार कार्ड, क्रेडिट कार्ड, पेन कार्ड, एक चैन समेत वह वहाँ से चला गया और साथ ही दरवाजा बाहर से बंद कर दिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**वेद वाणी**

पावीरवी तन्यतुरेकपादजो दिवो धर्ता सिन्धुरापः समुद्रियः।
विश्वे देवासः शृणवन्वचांसि मे सरस्वती सह धीभिः पुरंध्या।।

**ऋग्वेद १०-६५-१३**

समस्त दिव्य शक्तियां, द्युलोक का धारक सूर्य, विद्युत, अंतरिक्ष का जल, नदियां, समुद्र, हृदयस्थ प्रभु की वाणी, सब देववृत्ति के ज्ञानी पुरुष आदि मेरी प्रार्थना को सुने और मुझे इनसे प्रेरणा प्राप्त हो।

# सरकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचने में सामाजिक संस्थाओं का सहयोग स्वागत योग्य:डीएम

संवाददाता



देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने सभी समाजसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचने में सामाजिक संस्थाओं का सहयोग स्वागत योग्य है।

आज यहां जिलाधिकारी सविन बंसल से जिलाधिकारी शिविर कार्यालय में समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं युवाओं ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर संवाद चर्चा की। पर्यावरण संरक्षण में जुटे मैड के युवाओं ने बुके भेंट कर जिलाधिकारी का अभिनन्दन किया। जिलाधिकारी ने सभी समाजसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचने में सामाजिक संस्थाओं का सहयोग स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण,जल संरक्षण एंव सवंर्धन सहित ऐतिहासिक, हेरिटेज स्थलों का संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सामाजिक संस्थाओं तथा स्थानीय जनमानस का सहयोग सदैव ही अपेक्षित है, जिससे पर्यावरण, स्वच्छता एंव संवध न अभियान को मजबूती मिलने के साथ ही चीजें धरातल पर दिखेगी। इस चर्चा के दौरान दून को हरा भरा साफ-सुथरा रखने में जन सहयोग, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के लिए नागरिकों के सकारात्मक सुझावों को शामिल करके अपेक्षित परिणाम धरातल पर दिखाई दे सकेंगे। दून के पर्यावरण को बचाने की हर कोशिश स्वागत योग्य होगी। कुछ ऐसे ही विचार जिलाधिकारी की मौजूदगी में हुए पारस्परिक संवाद में सामने आए। जिसमें दून की 21 से अधिक सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समाजसेवियों ने जिलाधिकारी द्वारा जनहित में उठाए गए कदमों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आशा प्रगट की की सभी विभागों के साथ समन्वय बनाने में नागरिकों का भी सहयोग शामिल किया जाएगा।संवाद में वेस्ट मैनेजमेंट की समस्याओं,सड़कों पर जाम,अतिक्रमण, पार्किंग की दिक्कतो,फ्लाईओवर के नीचे असामाजिक सामाजिक तत्वों का जमावड़ा,नशाखोरी पर लगाम,ध्वनि वायु जल प्रदूषण से नागरिकों की परेशानियां, रिस्पना बिंदाल की सफाई, किन्नर समाज द्वारा आम नागरिकों के उत्पीड़न को रोकने आदि जनसमस्याओं से जिलाधिकारी को रूबरू कराया गया।शहर की सड़कों पर वाहनों के दवाब का एकमात्र समाधान नोएडा दिल्ली की भांति शहर में चारों ओर सड़कों के ऊपर एलिवेटेड रोड का निर्माण सुझाया गया। संवाद के अंत में नागरिकों ने जिलाधिकारी को जनहित में उठाए गए कदमों में सहयोग देने का आश्वासन दिया। वहीं नागरिक संयुक्त संगठन के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी द्वारा जनपद में किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए सामाजिक संगठनों द्वारा हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा शहर की व्यवस्थाएं संवारने में किये जा रहे कार्यों की भूरी-भूरी सराहना करते हुए कार्यों को 21 तोपों की सलामी देने जैसा बताया।

# तीन मोबाइल फोन चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने घाट से यात्रियों के तीन मोबाइल फोन चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहिणी दिल्ली निवासी निशांत पाण्डे ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह यहां घुमने के लिए आये थे। जब वह त्रिवेणी घाट पर परिवार के साथ नहाने के बाद वापस अपने सामान के पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनके तीन मोबाइल फोन गायब थे।

# मकान का ताला तोड नगदी व सामान चोरी

संवाददाता



देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोड वहां से नगदी व सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार एटनबाग हरबर्टपुर निवासी ललिता ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार के साथ बाहर गयी थी। आज जब वह वापस आयी तो उसने देखा कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके यहां से पांच हजार रूपये, गैस सिलेण्डर व दो क्विन्टल गैहूं चोरी करके ले गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# करवाचौथ पर कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता



देहरादून। वार्ड 32 बल्लूपुर शिव मंदिर में करवाचौथ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आज यहां वार्ड 32 बल्लूपुर स्ट्रीट 9 राजेंद्र नगर इन्द्र विहार शिव मंदिर में करवाचौथ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष, पूर्व अध्यक्ष, विधायक चकराता प्रीतम सिंह तथा पूर्व महानगर अध्यक्ष लाल चंद शर्मा ने शिरकत की। यह कार्यक्रम करवाचौथ के महत्व और महिलाओं की भावनाओं को समर्पित था। इस अवसर पर प्रीतम सिंह ने अपने संबोधन में करवाचौथ के महत्व को समझाते हुए महिलाओं की भावनाओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि करवाचौथ एक ऐसा पर्व है जो पति-पत्नी के बीच के प्यार और समर्पण को दर्शाता है।

वार्ड 32 बल्लुपुर पार्षद श्रीमती कोमल वोहरा ने कहा कि करवा चौथ भारतीय संस्कृति के प्राचीन त्यौहारों में एक प्राचीन त्यौहार है। सुहागिन महिलाएं यह निर्जला व्रत अपने पति की कुशलता और दीर्घायु के लिए रखती हैं। यह पर्व परिवार के रिश्तों को मजबूत बनाने वाला होता है, विशेष रूप से यह पति-पत्नी दोनों के लिए खास महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा हमारी संस्कृति और परिवार की सुदृढ़ता का परिचायक है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं इसके अलावा, कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें कविता पाठ, गीत और नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी गईं। यह कार्यक्रम समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन था, जिसमें लोगों ने एकत्रित होकर करवाचौथ के महत्व को समझा और इसकी भावनाओं को साझा किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता दीप वोहरा नें किया। इस दौरान दीपा चन्द रजवार, मीनू शर्मा, संध्या भारद्वाज, रीना नेगी, बिना नेगी, प्रीति सुयाल, आरुषि चन्द रजवार, विक्की, विनायक, अमित अरोड़ा, विनय प्रजापति, राजू बहुगुणा आदि मौजूद रहे।



# अजय देवगन की सिंघम अगेन के ट्रेलर ने रचा भारतीय सिनेमा में इतिहास

सिंघम अगेन के निर्देशक रोहित शेट्टी ने हाल ही में मोस्ट अवेटेड फिल्म सिंघम अगेन का ट्रेलर लॉन्च कर दिया है। इसके साथ ही एक दिलचस्प बात सामने आई है कि सिंघम अगेन का ट्रेलर भारतीय सिनेमा का लंबा ट्रेलर बन गया है। जी हां कई टैलेंटेड कलाकारों से भरपूर फिल्म के ट्रेलर का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। जैसे ही ट्रेलर रिलीज हुआ सबसे पहले सबका ध्यान इसके रनटाइम पर गया। इस फिल्म में अजय देवगन, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, अक्षय कुमार, करीना कपूर, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर जैसे सितारे नजर आने वाले हैं।

अजय देवगन के लीड रोल वाली सिंघम अगेन के ट्रेलर का रनटाइम 4 मिनट 58 सेकंड लंबा है जो किसी भी अन्य भारतीय फिल्म से लंबा है। सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज हुआ जिसके लॉन्चिंग इवेंट पर फिल्म की पूर स्टारकास्ट मौजूद रही। रोहित शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक क्लिप शेयर करके रिलीज डेट की अनाउंसमेंट की थी।

रोहित शेट्टी ने हिंदी सिनेमा का सबसे बड़ा ट्रेलर रिलीज किया है। ट्रेलर में बाजीराव सिंघम कलयुग के रावण के खिलाफ जंग लड़ रहे हैं जो उनकी सीता यानि अवनी बाजीराव सिंघम का अपहरण कर लेता है। अजय देवगन के साथ राम की ही तरह अपनी सेना है जो रावण की लंका दहन करने में उनका साथ देती है। रोहित शेट्टी निर्देशित सिंघम अगेन में अजय देवगन अपने पॉपुलर सिघंम के किरदार में नजर आएंगे। जबकि रणवीर सिंह और अक्षय कुमार संग्राम भालेराव (सिम्बा) और वीर सूर्यवंशी के रूप में वापसी करेंगे।

रणवीर ने सिम्बा में अभिनय किया, जबकि अक्षय सूर्यवंशी में पुलिस के किरदार में नजर आए थे। वहीं टाइगर श्रॉफ एसीपी सत्य का किरदार निभाएंगे। वहीं करीना अवनी बाजीराव सिंघम और दीपिका पादुकोण के किरदार का नाम शक्ति शेट्टी है जो एक पुलिस ऑफिसर के रोल में है।

अजय देवगन, करीना कपूर, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ स्टारर सिंघम अगेन 1 नवंबर, 2०24 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म रोहित द्वारा बनाई गई कॉप यूनिवर्स की तीसरी किस्त है। और यह सिंघम रिटर्न्स का सीक्वल है। रिपोर्ट्स के मुताबिक थिएट्रिकल रिलीज के बाद सिंघम अगेन ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। वहीं सिंघम अगेन का टकराव सिनेमाघरों में कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया से देखने को मिलेगा।

# फिर बदली दुलकर सलमान की फिल्म लकी भास्कर की रिलीज डेट


दुलकर सलमान की अगली फिल्म लकी भास्कर अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। हालांकि, वेंकी एटलुरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज डेट एक बार फिर से बदल चुकी है। अब इसकी रिलीज डेट में फिर से बदलाव हुआ है, जिससे इसका इंतजार कर रहे प्रशंसकों को झटका लगना लाजमी है।

लकी भास्कर के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा की। यह अब दिवाली के अवसर पर 31 अक्तूबर, 2०24 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म की प्रत्याशा को ध्यान में रखते हुए, निर्माताओं ने एक नोट जारी किया जिसमें कहा गया कि वे फिल्म की गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं करना चाहते हैं। बयान में कहा गया है, हम इसे हर भाषा में यथासंभव प्रामाणिक रूप से देसी बनाना चाहते हैं। टीम इसके पैन इंडिया रिलीज की भी योजना बना रही है जिसके लिए उन्हें अधिक समय की आवश्यकता है।

लकी भास्कर के एक पीरियड थ्रिलर होने की उम्मीद है। फिल्म में दुलकर सलमान एक बैंकर की भूमिका निभाएंगे, जिसे अमीर बनने का एक रहस्यमय तरीका मिलता है। मीनाक्षी चौधरी, आयशा खान और पी। साई कुमार कलाकारों का हिस्सा हैं। लकी भास्कर का निर्देशन फिल्म निर्माता वेंकी एटलुरी ने किया है।

सीथारा एंटरटेनमेंट द्वारा फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के सहयोग से निर्मित यह फिल्म तेलुगु, मलयालम, तमिल और हिंदी में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण सितारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमा के नागा वामसी और साई द्वारा किया जा रहा है। फिल्म के संगीतकार जीवी प्रकाश कुमार हैं। यह फिल्म 31 अक्तूबर, 2०24 को रिलीज होगी।(आरएनएस)

# जॉगिंग की शुरुआत करने वाले हैं तो इन बातों का रखें ध्यान



जॉगिंग एक तरह की एक्सरसाइज है, जिसमें व्यक्ति को धीमी गति में दौड़ना होता है। इस एक्सरसाइज को रोजाना करने से आपको कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि इसका तरीका सही होना चाहिए। ब ता दें कि जॉगिंग की शुरूआत करने के लिए पहले शरीर को इसके लिए तैयार कर लेना चाहिए। अगर आप जॉगिंग को अपने रूटीन में शामिल करने की सोच रहे हैं तो उससे पहले इन बातों पर विशेष ध्यान दें।

जॉगिंग के लिए कर लें पूरी तैयारी

अगर आप यह चाहते हैं कि जॉगिंग से आपको भरपूर फायदे मिले तो इसके लिए बेहतर तैयारी होनी बहुत जरूरी है। उदाहरण के लिए जॉगिंग के लिए साफ पार्क को चुनें और ऐसे कपड़े पहनें, जो कि थोड़े ढीले और आरामदायक हो जैसे ट्रेक सूट। वहीं, जॉगिंग के लिए सही रनिंग शूज का चयन करना भी जरूरी है क्योंकि गलत जूतों को पहनकर दौड़ने से चोट या फिर दर्द की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

जॉगिंग शुरू करने से पहले करें वार्मअप

भले ही एक्सरसाइज कितनी भी सरल क्यूं न हो, उससे पहले कुछ मिनट वार्मअप करना बहुत जरूरी है क्योंकि इससे न सिर्फ मांसपेशियां खुलती हैं, बल्कि शरीर भी काफी लचीला हो जाता है। आप चाहें वार्मअप के तौर पर स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज या फिर रस्सा कूदना जैसी एरोबिक्स एक्सरसाइज को कर सकते हैं। जॉगिंग से पहले 1० से 15 मिनट के लिए वार्मअप करें, फिर कुछ मिनट पैदल चलने के बाद जॉगिंग करना शुरू कर दें।

पॉश्चर को ठीक रखें

अगर आप जॉगिंग के दौरान अपनी गर्दन और कंधों को झुकाकर रखते हैं तो यह एक बहुत बड़ी गलती साबित हो सकती है क्योंकि इसका प्रभाव रीढ़ और गर्दन की हड्डी पर पड़ता है, जिससे शरीर दर्द भी करने लगता है। इसलिए अगर आप नियमित तौर पर जॉगिंग का फायदा चाहते हैं तो अपने शरीर को एकदम सीधा रखकर ही धीमी गति से दौड़ने की कोशिश करें ताकि आपको किसी भी तरह की समस्या का सामना ही न करना पड़े।

अधिक जॉगिंग करने से बचें

किसी भी चीज की अति नुकसान का कारण बन सकती है और ऐसा ही कुछ जरूरत से ज्यादा जॉगिंग करने से भी हो सकता है। दरअसल, अधिक जॉगिंग करने से पैरों में दर्द के साथ रीढ़ की हड्डी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, फिर चाहें आपने किसी भी वजह से जॉगिंग को अपने रूटीन में शामिल किया हो। बेहतर रहेगा कि लोग रोजाना ज्यादा से ज्यादा 3० मिनट तक ही जॉगिंग करें।

# कुछ टिप्स अपनाकर आप भी काले होंठों को बनाए गुलाबी

आज के समय में टैनिंग अर्थात कालापन सबसे बड़ी समस्या है। जी दरअसल आज के समय में यह त्वचा की सुंदरता में कमी लाने का कारण बनता हैं। इस वजह से महिलाएं टैनिंग होते ही इससे जुड़े उपाय करने लगती हैं ताकि उनकी सुंदरता बनी रहे। हालाँकि कई बार कोई फायदा नहीं होता। अब आज हम आपको कुछ ऐसे उपाय बताने जा रहे हैं जो आपके काले होंठों को गुलाबी बना सकते हैं। आइए जानते हैं।



केसर और दूध- केसर के इस्तेमाल से भी होंठों का कालापन दूर होता है। जी दरअसल कच्चे दूध में केसर मिलाकर उसे रात को होंठों पर लगा कर सो जाएं, सुबह ठंडे पानी से चेहरा धो लें।

चुकंदर- चुकंदर को काटकर टुकड़ों को होंठों पर घिसें या फिर इस का रस निकाल कर नींबू के रस में मिला कर भी लगा सकती हैं। ऐसा हर दिन करने से होंठ गुलाबी व चमकदार बनते हैं।

अनार- अनार के रस के प्रयोग से भी टैनिंग दूर होती है। आप इसको हल्दी के साथ मिलाकर होंठों पर लगाएं। करीब 15 मिनट बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें।

गुलाब की पंखुड़ियां- होंठों की टैनिंग को दूर करने के लिए गुलाब की पंखुड़ियां बहुत ही फायदेमंद होती हैं। आप इन्हें पीसकर थोड़ी सी ग्लिसरीन मिलाकर घोल तैयार करें और इस घोल को रोज रात को होंठों पर लगा कर सो जाएं, सुबह धो लें।

नींबू- सुबह और शाम के समय नींबू के रस को होठों पर रगड़ें। करीब 1० मिनट बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें। जी दरअसल यह टैनिंग दूर करने का बहुत ही कारगर उपाय है।

# मौत दे सकता है ज्यादा पानी पीना, जानिए ओवरहाइड्रेशन के लक्षण

ठंड में अक्सर लोग कम पानी पीने लगते हैं लेकिन ठंड के दिनों में अपने आपको सुफूर्तिभरा रखने के लिए पानी बहुत जरुरी है। हम सभी जानते हैं कि शरीर के लिए पानी बेहद आवश्यक है, हालाँकि पानी हमेशा सीमित मात्रा में होना चाहिए। कई बार लोग पानी बहुत अधिक पी लेते हैं और शरीर में पानी की अधिकता कई तरह की बीमारियों को जन्म दे सकती है। अब आज हम आपको बताने जा रहे हैं अधिक पानी पीने के नुकसान के बारे में।

ज्यादा पानी पीने से ओवरहाइड्रेशन हो सकता है तो सबसे पहले जान लीजिये इसके लक्षण

सिर में दर्द होना

थकान महसूस होना

चक्कर आना

मतली की समस्या

धुंधला नजर आना

हर समय सुस्ती महसूस होना

बेचैनी होना

चिड़चिड़ापन होना

मांसपेशियों में कंपन

मांसपेशियों में ऐंठन

दस्त

लार गिरना

हाइपरपीरेक्सिया यानी तेज बुखार

एनहाइड्रोसिस यानी पसीना न आना

केवल यही नहीं बल्कि इसके अलावा, ओवरहाइड्रेशन का उपचार न कराया जाए, तो ये लक्षण हल्के भ्रम से बेहोशी में बोलने, दौरा पड़ना, कोमा या फिर मृत्यु का कारण बन सकता है।

ज्यादा पानी पीने के नुकसान-

हाइपोनेट्रेमिया का जोखिम- ज्यादा पानी पीने से हाइपोनेट्रेमिया हो सकता है। यह तब होता है जब रक्त में सोडियम की मात्रा असामान्य रूप से कम हो जाती है। ऐसा ओवरहाइड्रेशन यानी अत्यधिक मात्रा में पानी पीने के कारण हो सकता है।

सूजन की परेशानी- ज्यादा पानी पीने से सूजन की समस्या भी हो सकती है। जब शरीर में सोडियम का स्तर कम हो जाता है, तो पानी कोशिकाओं में प्रवेश करने लगता है। इस वजह से कोशिकाओं के अंदर पानी की मात्रा अत्यधिक हो जाती है, जिसकी वजह से कोशिकाओं में सूजन आ सकती है।

डायरिया की समस्या- पानी ज्यादा पीने से डायरिया जैसी समस्या हो सकती है। जी दरअसल डायरिया वाटर इंटॉक्सिकेशन यानी ओवरहाइड्रेशन के प्रारंभिक लक्षणों में से एक है।

# दूध से नहाकर आपको मिल सकती है चमकती हुई त्वचा, जानिए ऐसा करने के मुख्य लाभ

आपने ठंडे या गर्म पानी से तो कई बार नहाया होगा, लेकिन क्या आपने कभी दूध से स्नान किया है? दूध से नहाना त्वचा की देखभाल के लिए बेहद फायदेमंद साबित होता है।इसके दौरान नहाने के पानी में दूध या दूध से बने उत्पादों को डाला जाता है। इसके जरिए आप अपनी त्वचा को एक्सफोलिएट कर सकते हैं और अंदरूनी तौर पर हाइड्रेटेड भी महसूस कर सकते हैं।दूध से नहाने से आपको ये 5 फायदे मिल सकते हैं।

त्वचा बनती है मुलायम

दूध में लैक्टिक एसिड नामक पोषक तत्व होता है, जिसके जरिए आपकी त्वचा बेहद मुलायम बन सकती है। जब आप दूध से नहाकर अपनी त्वचा को स्पर्श करेंगे, तो आपको आपकी त्वचा मखमली महसूस होगी।दूध में मौजूद वसा जैसे प्राकृतिक इमोलिएंट त्वचा पर एक परत बना देते हैं, जिसके कारण नमी बनी रहती है। इससे त्वचा चिकनी और मुलायम हो जाती है।इसके परिणामस्वरूप मुंहासों और जलन आदि की समस्या भी ठीक हो जाती है।

त्वचा होती है हाइड्रेट

दूध में स्वस्थ वसा और प्रोटीन मौजूद होते हैं, जिनकी मदद से यह त्वचा को हाइड्रेट कर सकता है। यह त्वचा के अंदर प्रवेश करके उसे नमीयुक्त बनाता है, जिससे रूखी त्वचा की समस्या का उपचार होता है।दूध में मौजूद वसा त्वचा पर अवरोध पैदा कर सकती है, जिससे नमी बनाए रखने में मदद मिलती है।इसके अलावा, दूध में मौजूद प्रोटीन और विटामिन भी त्वचा के हाइड्रेशन को बहाल करने और बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।

बढ़ती उम्र के लक्षण होते हैं कम

दूध में कई तरह के एंटी-एजिंग गुण मौजूद होते हैं, जिनकी मदद से बढ़ती उम्र के लक्षण कम किए जा सकते हैं। दूध के एक्सफोलिएटिंग गुण कोशिकाओं के निर्माण में मदद करते हैं और कोलेजन के उत्पादन को उत्तेजित करते हैं।जब आप दूध से नहाते हैं तो कोलेजन का उत्पादन बढ़ता है, जिसके कारण झुर्रियां, झाइयां और मुंहासों की समस्या भी दूर हो जाती है।आप इन फलों के सेवन से बढ़ती उम्र के लक्षण कम कर सकते हैं।

त्वचा होती है एक्सफोलिएट

दूध में पाया जाने वाला लैक्टिक एसिड एक तरह का अल्फा-हाइड्रॉक्सी एसिड होता है। यह एसिड मृत त्वचा कोशिकाओं को दूर करता है और नई कोशिकाओं के निर्माण को बढ़ाता है।दूध से नहाने से आपकी त्वचा सौम्य तरीके से एक्सफोलिएट हो जाएगी और आपको त्वचा में फंसी गंदगी से भी छुटकारा मिल जाएगा।अगर आप चेहरे के अधिक खुले रोमछिद्रों से परेशान हैं तो इस समस्या से निपटने के लिए ये प्रभावी तरीके अपनाएं।

कैसे करें दूध से स्नान?

दूध से नहाने के लिए सबसे पहले अपने बाथटब में गर्म पानी भरें। इसमें एक या 2 कप दूध डालें और अच्छी तरह से मिला दें। अगर आप अधिक फायदे चाहते हैं तो इसमें 2 चम्मच शहद भी मिला सकते हैं।इस टब में करीब 15 से 2० मिनट तक बैठे और अपने शरीर को हल्के हाथों से रगड़ते रहें। अब अपने शरीर को गर्म पानी से धो लें और तौलिये की मदद से सुखा लें।

# सिंघम अगेन: अर्जुन कपूर और अजय देवगन के बीच देखने को मिली भिड़ंत

अजय देवगन, रणवीर सिंह अक्षय कुमार, अर्जुन कपूर जैसे सितारों से सजी सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में अजय देवगन, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार का दमदार रोल देखने को मिला है। ट्रेलर ने फैंस और दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की आगामी फिल्म सिंघम अगेन का ट्रेलर रिलीज हो गई है। फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार है। ट्रेलर में फिल्म की झलक को मॉर्डन रामायण की स्टोरी जैसा दिखाया गया है, जिसमें अजय देवगन- राम, करीना कपूर- सीता, टाइगर श्रॉफ - लक्ष्मण, रणवीर सिंह- बजरंगबली, अक्षय कुमार- जटायु और अर्जुन कपूर को रावण का रोल अदा कर रहे है। वहीं, दीपिका पादुकोण लेडी सिंघम के अवतार में नजर आई है। ट्रेलर की शुरुआत काफी दमदार है। बैकग्राउंड में संस्कृत के श्लोक और जय श्रीराम की धुन रोंगटे खड़े कर देने वाले हैं। वहीं, छत्रपति शिवाजी और जय मराठा के नारे से फिल्म में मराठी टच देखने को भी मिलेगा। ट्रेलर में एक्शन सीक्वेंस से लेकर म्यूजिक और डायलॉग तक सब कुछ दमदार है। दर्शकों और फैंस को सिंघम अगेन का दमदार ट्रेलर का पसंद आया है। अब, फैंस फिल्म की रिलीज को लेकर काफी एक्साइटेड हैं।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# घंटों लैपटॉप पर करते हैं काम तो आंखों की थकान को दूर करने के लिए जरूर करें ये एक्सरसाइज



आज के डिजिटल जमाने में आंखों की थकावट या तनाव एक आम शिकायत है। जो अक्सर लंबे समय तक स्क्रीन के सामने रहने के कारण होती है। अगर आप भी इससे जूझ रहे हैं तो अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ खास आदतों को शामिल करके इनसे निजात पा सकते हैं। सिरदर्द, धुंधली दृष्टि और सूखी आंखें जैसे लक्षण डिजिटल आई स्ट्रेन के सभी लक्षण हैं। जो असुविधा को कम करने और आपकी आंखों को काफी ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं।

2०-2०-2० नियम का पालन करें

आंखों की थकान को रोकने के लिए एक आसान लेकिन शक्तिशाली तरीका 2०-2०-2० नियम है। हर 2० मिनट में 2० सेकंड का ब्रेक लें और 2० फीट दूर किसी चीज़ को देखें। यह आदत आपकी आंखों को आराम देती है, जिससे स्क्रीन पर लगातार ध्यान कम होता है। जो आंखों के तनाव का एक मुख्य कारण है। अपने फ़ोन पर रिमाइंडर सेट करना या ऐसे ऐप का उपयोग करना जो आपको ब्रेक लेने के लिए प्रेरित करते हैं। इस आदत को आसान बनाने में मदद कर सकते हैं।

अपनी लैपटॉप स्क्रीन सेटिंग ठीक करें

आपके डिजिटल डिवाइस पर चमक और कंट्रास्ट सेटिंग आंखों के आराम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सुनिश्चित करें कि आपकी स्क्रीन की चमक आपके परिवेश में मौजूद रोशनी से मेल खाती हो। आपकी स्क्रीन और कमरे की रोशनी के बीच बहुत ज्यादा कंट्रास्ट आपकी आंखों को ज़्यादा मेहनत करवा सकता है। इसके अलावा, टेक्स्ट का आकार बढ़ाने और एंटी-ग्लेयर स्क्रीन या कोटिंग का उपयोग करके चमक को कम करने से तनाव कम हो सकता है।

ज़्यादा बार पलकें झपकाएं

स्क्रीन पर ध्यान केंद्रित करते समय लोगों का कम बार पलक झपकाना आम बात है। जिससे उनकी आंखें सूखी और चिड़चिड़ी हो जाती हैं। कंप्यूटर, स्मार्टफ़ोन या टैबलेट पर काम करते समय ज़्यादा बार पलकें झपकाने का सचेत प्रयास करें। पलकें झपकाना आंखों को नम रखने में मदद करता है, सूखापन रोकता है और स्वाभाविक रूप से तनाव को कम करता है। अगर आपको याद रखने में मुश्किल हो रही है। तो अपनी आंखों में नमी बनाए रखने के लिए कृत्रिम आंसू या आई ड्रॉप का उपयोग करने पर विचार करें।



सही लाइट में बैठकर काम करें

अगर आप जिस जगह बैठकर काम कर रहे हैं और वहां लाइट कम हैं तो उससे आपकी आंखों में दिक्कत हो सकती है। इसलिए कम रोशनी वाले कमरे में बैठकर काम न करें। काम करने के लिए ऐसी रोशनी चुनें न तो बहुत ज्यादा तेज और न बहुत ज्यादा हल्का हो। यदि आप कंप्यूटर का उपयोग कर रहे हैं, तो सुनिश्चित करें कि स्क्रीन पर ऊपर की ओर प्रकाश या खिड़कियों से कोई चमक न आ रही हो। अपनी स्क्रीन को ऐसे कोण पर रखें जहां चमक कम से कम हो और अपने कार्यस्थल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए नरम रोशनी वाले डेस्क लैंप का उपयोग करने पर विचार करें।

आंखों की एक्सरसाइज करें

अपनी आखों की मांसपेशियों को मज़बूत बनाएं इसके लिए आप आंखों से जुड़ी एक्सरसाइज करें। आप इस तरह के एक्सरसाइज कर सकते हैं जैसे आंखों को घुमाना, आंखों को हर 1० सेकेंड पर घुमाना। ऐसा करने से आप ज्यादा एकाग्रता से काम कर सकते हैं। आंखों की एक्सरसाइज जरूर करें। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -98

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | | 8 | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | 12 | ■ | |
| ■ | 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | | ■ | ■ | 15 | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | 18 | 19 | | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | 22 | | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 23 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 97 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | ■ | ■ | ■ | खा | म | खाँ |
| णे | ■ | ल | ■ | झ | प | की | ■ | ■ |
| श | र | ब | त | ■ | रं | ■ | ■ | मि |
| ■ | ज | गा | ना | ■ | प | रा | का | ष्ठा |
| ■ | नी | र | ■ | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | ■ | ■ | प | ■ | ■ | य | ■ |
| म | र | णा | स | न्न | ■ | पा | नी | ■ |
| ची | ■ | ■ | प | ■ | पा | ■ | ■ | भो |
| न | ज | रा | ना | ■ | स | मा | चा | र |

# भयानक घने जंगल में सांपों से घिरे दिखे एक्टर अद्वय

आगामी सोशियो फैंटेसी एडवेंचर फिल्म सुब्रह्मण्य ने अपनी शानदार झलक सुब्रह्मण्य झलक-द फर्स्ट एडवेंचर का अनावरण किया है, जिसने दर्शकों को विस्मय में डाल दिया है। एसजी मूवी क्रिएशन द्वारा निर्मित और पी रविशंकर द्वारा निर्देशित, यह फिल्म मुख्य भूमिका में अद्वय की पहली फिल्म है। दुबई में झलक का शुभारंभ किया गया, जिसमें शानदार दृश्य प्रभाव और एनीमेशन दिखाए गए हैं जो एक अद्वितीय सिनेमाई अनुभव का वादा करते हैं। झलक में अद्वय को ज़हरीले साँपों से भरे एक कुएँ में तैरते हुए, एक प्राचीन पुस्तक को पुनः प्राप्त करते हुए, और योद्धाओं की पोशाक पहने विशालकाय वानरों द्वारा पीछा किए जाते हुए दिखाया गया है। भगवान श्री राम की विशेषता वाला अंतिम शॉट विशेष रूप से प्रभावशाली है। अद्वय के अभिनय, विग्नेश राज के असाधारण कैमरा वर्क और रवि बसरूर के बेहतरीन बैकग्राउंड स्कोर ने अपार उत्साह पैदा किया है। साठ से ज़्यादा वीएफ़एक्स कलाकारों ने चार महीने तक अथक परिश्रम किया है और फ़िल्म के दृश्य मुंबई, हैदराबाद, बैंगलोर और चेन्नई के मशहूर स्टूडियो में तैयार किए गए हैं। कलर ग्रेडिंग पार्टनर रेड चिलीज़कलर ने दृश्यों में जीवंत सुंदरता भर दी है। बड़े फ़ॉर्मेट में शूट की गई सुब्रह्मण्य एक रोमांचकारी असाधारण थ्रिलर का वादा करती है, जिसे तेलुगु, कन्नड़, तमिल, मलयालम और हिंदी में पूरे भारत में रिलीज़ किया जाएगा। सुब्रह्मण्य की तकनीकी टीम में निर्देशक के तौर पर पी रविशंकर, संगीतकार के तौर पर रवि बसरूर, सिनेमैटोग्राफर के तौर पर विग्नेश राज, एडिटर के तौर पर विजय एम कुमार और प्रोडक्शन डिज़ाइनर के तौर पर उल्लास हैदुर शामिल हैं। निर्माता थिरुमल रेड्डी और अनिल कडियाला, प्रस्तुतकर्ता श्रीमती प्रवीणा कडियाला और श्रीमती रामलक्ष्मी के साथ मिलकर इस भव्य प्रोजेक्ट को जीवंत करते हैं। अपनी मनमोहक काल्पनिक दुनिया और बेहतरीन दृश्यों के साथ सुब्रह्मण्य इस साल की सबसे ज़्यादा देखी जाने वाली फ़िल्मों में से एक बनने के लिए तैयार है।

# अनुष्का सेन टाइम्स स्क्वायर में लाइव परफॉर्म करने वाली पहली भारतीय कलाकार बनीं

अनुष्का सेन का नाम टीवी जगत की उन अभिनेत्रियों में शामिल है, जिन्होंने बहुत छोटी उम्र में इंडस्ट्री में ऊंचा मुकाम हासिल किया है।अब अनुष्का ने महज 22 साल की उम्र में इतिहास रच दिया है। दरअसल, अनुष्का न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में लाइव परफॉर्म करने वाली पहली भारतीय कलाकार बन गई हैं।अनुष्का ने हाल ही में न्यूयॉर्क शहर के टाइम्स स्क्वायर में मंच पर लाइव परफॉर्म किया है और वह ऐसा करने वाली पहली भारतीय कलाकार हैं।

अनुष्का ने अपने करियर की शुरुआत साल २००९ में आया टीवी शो यहां मैं घर घर खेली के जरिए की थी।इसके बाद वह देवों के देव।।महादेव, बालवीर, झांसी की रानी और अपना टाइम भी आएगा जैसे धारावाहिकों में नजर आईं।अनुष्का रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी के 11वें सीजन में भी दिखाई दे चुकी हैं।अनुष्का ने क्रेजी कुक्कड़ फैमिली, लिहाफः द क्लिल्ट और सम्मादिथि जैसी फिल्मों में भी काम किया है।

# थलापति 69 में बॉबी देओल की हुई एंट्री

थलापति 69 साउथ सुपरस्टार विजय की आखिरी फिल्म हो सकती है इसीलिए फैंस इसे लेकर काफी एक्साइटेड हैं। इसी के साथ मेकर्स भी आए दिन फिल्म से नया अपडेट शेयर करते हुए फैंस की एक्साइटमेंट बरकरार रख रहे हैं। इसी बीच मेकर्स ने फिल्म की कास्ट रिवील की है। तो आइए जानते हैं थलापति की फिल्म में किस बॉलीवुड एक्टर ने एंट्री ली है। थलापति 69 के मेकर्स ने बड़ा अपडेट शेयर करते हुए बताया कि फिल्म में बॉबी देओल की एंट्री हो चुकी है। हालांकि उनका रोल क्या होगा अभी इस बारे में खुलासा नहीं हुआ है। केवीएन प्रोडक्शन ने हाल ही में एक धांसू पोस्टर शेयर किया जिसमें बॉबी देओल का फेस रिवील किया गया। पोस्टर के साथ मेकर्स ने कैप्शन लिखा- १००% ऑफिशियल, हम बहुत खुश और एक्साइटेड हैं अनाउंस करते हुए कि बॉबी देओल ने थलापति 69 की कास्ट जॉइन कर ली है। थलापति 69 में बॉबी देओल की एंट्री से फैंस काफी खुश हो गए हैं सबने कमेंट सेक्शन में अपनी खुशी जाहिर की। एक ने लिखा- वाह थलापति विजय और बॉबी देओल, स्क्रीन पर धमाका होगा। एक ने कमेंट किया- वाव बड़े पर्दे पर धमाका होगा। एक ने लिखा-थलापति का लुक कब सामने आएगा, अब इंतजार नहीं हो रहा। केवीएन प्रोडक्शंस ने थलापति 69 को प्रोड्यूस किया है जिसे तमिल, तेलुगु और हिंदी में रिलीज किया जाएगा। प्रोडक्शन हाउस ने हाल ही में फिल्म का पोस्टर भी रिलीज किया और टैगलाइन के साथ इसकी डिटेल की अनाउंसमेंट की। उन्होंने कैप्शन में लिखा- द टॉर्च बैरियर ऑफ डेमोक्रेसी। हमें यह अनाउंस करते हुए बहुत गर्व और एक्साइटमेंट हो रहा है कि हमारी पहली तमिल फिल्म थलपति 69 है, जिसका निर्देशन दूरदर्शी एच विनोथ ने किया है और म्यूजिक रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है। थलपति विजय के साथ कोलेब करके बहुत खुशी हुई। द टॉर्च बेरियर ऑफ डेमोक्रेसी अक्टूबर २०२५ में आ रहे हैं। उनकी पॉलीटिकल पार्टी का नाम तमिलगा वेत्री कझगम है।वर्कफ्रंट की बात करें तो फिलहाल विजय अपनी हालिया रिलीज फिल्म गोट की सफलता का आनंद ले रहे हैं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार ओपनिंग की थी। वहीं घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने २०० करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड ४०० करोड़ रुपये के क्लब में एंट्री कर ली है। वहीं चर्चा है कि विजय थलापति 69 के बाद सिर्फ अपने पॉलीटिकल करियर पर फोकस करेंगे।

# भोजपुरी अदाकारा मोनालिसा का रेड मोनिकिनी में दिखा बोल्ड अवतार, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने फैंस के उड़ाए होश



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को दीवाना बनाए रहती हैं। उनका स्टनिंग अंदाज इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है।

अब मोनालिसा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ हॉट तस्वीरें साझा की हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में मोनालिसा ने एक रेड मोनिकिनी पहनी है, जिसमें उनका बोल्ड अवतार नजर आ रहा है। मोनालिसा ने लाइट मेकअप के साथ खुले बालों में शानदार पोज दिए हैं, जो उनकी खूबसूरती को और बढ़ा रहे हैं। उनकी यह तस्वीरें फैंस के बीच चर्चा का विषय बनी हुई हैं, और उन्हें देखकर कई लोग दंग रह गए हैं।

एक्ट्रेस मोनालिसा भोजपुरी इंडस्ट्री की बेहतरीन एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने अपने स्टनिंग फैशन सेंस से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस इंडियन हो या फिर वेस्टर्न अपने हर लुक में बवाल लगती हैं। उनका स्टनिंग अंदाज देखकर अक्सर फैंस मदहोश हो जाते हैं।

मोनालिसा की हॉटनेस और आत्मविश्वास ने फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है, और उनकी इस पोस्ट पर सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में अपने अद्भुत अभिनय और आकर्षक लुक्स के लिए जानी जाने वाली मोनालिसा ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह दर्शकों की पसंदीदा अदाकारा हैं।

# पर्पल साड़ी पहन गजब की खूबसूरत लगीं श्वेता तिवारी



टीवी और भोजपुरी इंडस्ट्री की हॉट क्वीन श्वेता तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद ही स्टनिंग फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉटनेस भरा अंदाज देखकर लोगों के होश उड़ गए हैं।

अपनी एक्टिंग, फिटनेस और खूबसूरती को लेकर चर्चाओं में रहने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अक्सर सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों पर वायरल होने लगती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

बता दें इंडियन हो या फिर वेस्टर्न लुक एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अपने हर अंदाज में कहर ढाती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर पोस्ट होते ही लोगों के बीच ट्रेंड करने लगता है।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने पर्पल कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो किलर पोज देते हुए फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींचती हुई नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस की उम्र 43 साल हो चुकी हैं, लेकिन हॉटनेस के मामले में आज भी वो बॉलीवुड की स्टार अभिनेत्रियों को मात देती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस दो बच्चों की मां हैं। उनकी बड़ी बेटी पलक 23 साल की है।

श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी ज्यादा जबरदस्त है। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए रिएक्शंस देते हैं।

# अहिंसा सबसे महान धर्म, परंतु वह सत्य में ही प्रतिष्ठित है

अशोक प्रवृद्ध

श्रीकृष्ण ने दुष्टता करने वाले मनुष्य की दुष्टता को कुचल देने का उपदेश देता हुए कहा है- विनाशाय च दुष्टकृताम्। अर्थात- दुष्टता करने वाले मनुष्य की दुष्टता को कुचल दो। ऐसा करके ही अहिंसा का पालन व सत्य की रक्षा अनेक अवसरों पर होती है। इसलिए मनुष्यों को अहिंसा का प्रयोग करते हुए विवेक से कार्य लेना चाहिए। एक सीमा तक ही लोगों का बुरा व्यवहार सहन करना चाहिए और उसके नहीं सुधरने पर उसका समुचित निराकरण यथायोग्य व उससे भी कठोर व्यवहार करके करना चाहिए।

भारतीय परंपरा में अहिंसा और सत्य भाषण समस्त प्राणियों के लिए अत्यंत हितकर माने गए हैं। अहिंसा सबसे महान धर्म है, परंतु वह सत्य में ही प्रतिष्ठित है। सत्य के ही आधार पर श्रेष्ठ पुरुष के सभी कार्य आरंभ होते हैं। महाभारत, वनपर्व में कहा गया है -

अहिंसा परमो धर्म॑ स च सत्ये प्रतिष्ठित॑।

अर्थात- अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है और सत्य पर ही टिका होता है। सत्य में निष्ठा रखते हुए सारे काम संपन्न होते हैं।

वेद सत्य ज्ञान की पुस्तक है। वेद का अर्थ ही ज्ञान होता है। सत्य का अर्थ सत्तावान होता है। जिस पदार्थ की सत्ता है, उसके गुण, कर्म व स्वभाव अवश्य होते हैं, उनका यथार्थ अथवा ठीक -ठीक ज्ञान सत्य कहलाता है। ईश्वर की सत्ता है तथा जीवात्मा और प्रकृति की भी सत्ता है। इसलिए यह तीनों पदार्थ सत्य कहे व माने जाते हैं। इसी तरह ईश्वर, जीवात्मा और प्रकृति के गुण, कर्म व स्वभाव का यथार्थ ज्ञान सत्य कहा जाता है। ईश्वर का प्रथम प्रमुख नाम ही सच्चिदानन्दस्वरूप है। सच्चिदानन्द तीन शब्दों का समुदाय है, जिसमें सत्य, चित्त और आनन्द इन तीन गुणों का समावेश है। सत्य किसी पदार्थ की सत्ता को कहते हैं। ईश्वर है और उसकी सत्ता भी है, यह यथार्थ है। इसलिए ईश्वर को सत्य कहा गया है।

वैदिक मत के अनुसार सत्य पर ही अहिंसा प्रतिष्ठित होता है। अहिंसा परम धर्म, परम तप और परम सत्य है, क्योंकि उसी से धर्म की प्रवृति होती है। महाभारत आदि पर्व, पौलोम पर्व 11/12, 11/13, अनुशासन पर्व, दानधर्म पर्व 116/28, 245/4 आदि श्लोकों में अहिंसा परमो धर्म॑ कहा गया है। महाभारत अनुशासनपर्व, दानधर्म पर्व 116/28 के अनुसार अहिंसा परम धर्म, परम संयम, परम दान, परम तपस्या है। महाभारत अनुशासन पर्व दानधर्म पर्व 245/4 के अनुसार अहिंसा परम धर्म, परम सुख है। वैदिक ग्रंथों में में अहिंसा को परमपद बताया गया है। महाभारत अनुगीतापर्व आश्व मेधिकपर्व 43/2० व 43/21 के अनुसार अहिंसा सबसे श्रेष्ठ धर्म है और हिंसा अधर्म का लक्षण (स्वरूप) है।

अहिंसा का अर्थ होता है अ-हिंसा अर्थात हिंसा न करना। दूसरों के प्रति वैर भावना का त्याग करना। किसी भी प्राणी को तन, मन, कर्म, वचन और वाणी से कोई नुकसान नहीं पहुंचाना। मन में किसी का अहित न सोचना, किसी को कटुवाणी आदि के द्वार भी नुकसान न देना तथा कर्म से भी किसी भी अवस्था में किसी भी प्राणी कि हिंसा न करना, यह अहिंसा है। दूसरों के प्रति वैर भाव अथवा कोई निजी स्वार्थ होने पर ही हम दूसरों के प्रति हिंसा करते हैं, जबकि कोई यह नहीं चाहता कि दूसरे लोग व प्राणी उनके प्रति हिंसा करें। हिंसा जिसके प्रति की जाती है, उसको हिंसा से दुःख व पीड़ा होती है।

इसीलिए यदि हम चाहते हैं कि कोई हमारे प्रति हिंसा का व्यवहार न करे तो हमें भी दूसरों के प्रति हिंसा का त्याग करना होगा। दूसरों के प्रति अपने मन व हृदय में प्रेम व स्नेह का भाव उत्पन्न करने पर ही हिंसा दूर हो सकती है। इससे मन व हृदय में शांति उत्पन्न होगी, जिससे हमारा मन व मस्तिष्क ही नहीं अपितु शरीर भी स्वस्थ एवं दीर्घायु को प्राप्त होगा। इसलिए हर उस व्यक्ति को दूसरे प्राणियों के प्रति अहिंसा का व्यवहार करने के लिए उद्यत रहना चाहिए, जो दूसरों के द्वारा अपने प्रति हिंसा का व्यवहार करना पसन्द नहीं करते। महाभारत मोक्षधर्म पर्व शांतिपर्व 256/3 में हिंसा की निंदा की गई है-

अव्यवस्थितमर्यादैर्विमूढ़ैर्नास्तिकैर्नरै॑।

संशयात्मभिरव्यक्तै र्हिंसा समनउवर्णइतआ।

अर्थात- जो धर्म की मर्यादा से भ्रष्ट हो चुके हैं, मूर्ख हैं, नास्तिक हैं तथा जिन्हें आत्मा के विषय में संदेह है एवं जिनकी कहीं प्रसिद्धि नहीं है, ऐसे लोगों ने ही हिंसा का समर्थन किया है।

वैदिक ग्रंथों में ईश्वर, जीवात्मा और प्रकृति सहित मनुष्य के कर्तव्यों व मनुष्य जीवन के उद्देश्य व लक्ष्य का यथार्थ बोध कराया गया है। दूसरों को पीड़ा देना अधर्म कहलाता है। मनुष्य हो या पशु-पक्षी, किसी को भी पीड़ा देना अधर्म व महापाप होता है। दूसरों को पीड़ा देना उनके प्रति हिंसा ही कही जाती है। इसलिए सबको अहिंसक स्वभाव व भावना वाला बनना चाहिए। ऐसा होने पर ही सही मायने में व्यक्ति में मनुष्यता के लक्षण दिखाई देते हैं। वेद मनुष्य को मनुष्य बनने की प्रेरणा व आज्ञा देते हैं- मनुर्भव।

इस एक शब्द में ईश्वर ने वेद के द्वारा मनुष्य को मनुष्य बनने अर्थात मननशील होकर सत्य का ज्ञान प्राप्त करने व उसका आचरण करने की प्रेरणा दी है। सबसे यथायोग्य व्यवहार करने की आज्ञा दी है। यथायोग्य का अर्थ होता है जैसे को तैसा। इस सिद्धांत पर नहीं चलने से हम असत्य व हिंसक आचरण करने वाले मनुष्य का सुधार नहीं कर सकते। हमारे विरोध न करने से उसकी हिंसा की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा। इसका दोष हम पर ही होगा।

मनुष्य को सुधारने के चार तरीके होते हैं- साम, दाम, दण्ड और भेद। जो व्यक्ति सज्जन है उसे प्रेम से समझाया जा सकता है। यदि वह नहीं सुधरता तो कुछ दमन करना होता है। उस पर भी यदि वह न सुधरे और हिंसा का आचरण करे तो फिर उसको दण्ड अथवा अल्प हिंसा से युक्त दण्ड देकर ही सुधारा जा सकता है। अहिंसा का यह अर्थ कदापि नहीं होता कि कोई हमारे प्रति हिंसा का व्यवहार करे और हम मौन होकर उसे सहन करें। यदि ऐसा करेंगे तो हिंसक मनुष्य का स्वभाव और अधिक हिंसा वाला होगा और वह अन्य सज्जन लोगों को भी दुःख देगा। वेद हिंसक मनुष्य या प्राणियों के प्रति यथायोग्य व्यवहार की ही प्रेरणा देते हैं।

इसीलिए श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण ने दुष्टता करने वाले मनुष्य की दुष्टता को कुचल देने का उपदेश देता हुए कहा है- विनाशाय च दुष्टकृताम्। अर्थात- दुष्टता करने वाले मनुष्य की दुष्टता को कुचल दो। ऐसा करके ही अहिंसा का पालन व सत्य की रक्षा अनेक अवसरों पर होती है। इसलिए मनुष्यों को अहिंसा का प्रयोग करते हुए विवेक से कार्य लेना चाहिए। एक सीमा तक ही लोगों का बुरा व्यवहार सहन करना चाहिए और उसके नहीं सुधरने पर उसका समुचित निराकरण यथायोग्य व उससे भी कठोर व्यवहार करके करना चाहिए।

योगदर्शन के अष्टांग योग में योग का पहला अंग यम है। यम पांच होते हैं- अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह। आदि सनातन काल से ही ऋषि- मुनि, योगीजन अहिंसा व सत्य सहित पांचों यमों का पालन करते आये हैं। यह यम किसी एक मत के लिए नहीं अपितु यह सार्वजनीन हैं अर्थात् विश्व के सभी मनुष्यों के पालन व आचरण करने योग्य हैं। सभी को इसे जानकर इसकी मूल भावना के अनुसार सेवन व आचरण करना चाहिए। इसी से मनुष्य जीवन शोभायमान होता है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि वैदिक मत में अहिंसा को परम धर्म कहा गया है। लेकिन दुष्टों की दुष्टता को कुचल देने की आज्ञा भी दी गई है। इसीलिए रावण, कंस आदि की दुष्टता को श्रीराम, श्रीकृष्ण आदि वैदिकधर्मियों ने अवसर हाथ लगते ही कुचलने में देर नहीं की। लेकिन महाभारत के बाद लोगों के वेद ज्ञान से दूर होने के कारण अहिंसा का यह अर्थ लोगों के मस्तिष्क में नहीं रह पाया। अन्य संस्कृतियों का उदय हुआ, और अन्य संस्कृतियों के संपर्क मे आने के कारण भारतीयों में भी मात्र दुष्टता को कुचलने के स्थान पर हिंसा प्रयोग करने के आदेश के प्रतिकूल यज्ञ, बाद में देव पूजन के नाम पर बलि के नाम पर पशु हिंसा का प्रचलन बढने लगा। जिसका वैदिक धर्म पर आश्रित लोगों ने तर्क- वितर्क, वाद- विवाद आदि तरीकों से विरोध व समझने का प्रयास भी किया, लेकिन वह प्रयास सफल नहीं हो सका।

बौद्ध धर्म के प्रवर्तक भगवान बुद्ध ने भी अहिंसा का उद्घोष अपने उपदेशों में किया था। भगवान बुद्ध के उपदेशों का असर यह हुआ कि उस समय यज्ञों के दौरान जो पशु हिंसा होती थी, वह समाप्त हो गई। लेकिन अहिंसा के सत्य स्वरूप के साथ ही दुष्टों की दुष्टता को कुचल देने की आज्ञा देने की वैदिक वचन गौण हो गई, समाप्त हो गई। कालांतर में अहिंसा का ठीक प्रकार से अर्थ न समझ सकने के कारण परिणाम यह हुआ कि भारत पर अनेक आक्रमण हुए और यह गुलाम हो गया। बहरहाल, भारत में अत्यंत प्राचीन काल से ही अहिंसा का प्रचलन रहा है।

वर्तमान में भी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अहिंसात्मक तरीके से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एक भारतीय मोहनदास करमचंद गांधी के जन्म दिन 2 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया जाता है। शांति और अहिंसा के विचार पर अमल करने और महात्मा गांधी के जन्म दिवस को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 15 जून 2००7 को एक प्रस्ताव पारित कर संसार से की थी।

## सू- दोकू क्र. 98

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.97 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

# सिंघम अगेन में सलमान खान की एंट्री कन्फर्म!

सलमान के फैंस के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है कि सलमान खान दीवाली के मौके पर एक खास तोहफा अपने फैंस को देने वाले हैं। दरअसल सलमान खान रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में चुलबुल पांडे के तौर पर नजर आने वाले हैं।

जी हां, दीवाली में सलमान खान धूम-धड़ाका करते हुए कॉप यूनिवर्स के पुलिस वालों के साथ दुश्मनों से दो-दो हाथ करते नजर आने वाले हैं। बॉलीवुड हंगामा ने अपने एक सोर्स के हवाले से बताया है, सिंघम अगेन में पहले से ही कई बड़े स्टार्स नजर आने वाले हैं। और अब इसमें बॉलीवुड के दबंग अपने दबंग अवतार में नजर आने वाले हैं। सलमान खान चुलबुल पांडे के तौर पर फिल्म का हिस्सा बनेंगे। फिल्म में एक खास जगह पर उनका अपीयरेंस होगा।

फिल्म की शूटिंग नहीं की है। लेकिन चुलबुल पांडे के तौर पर शूट के लिए तैयार हो गए हैं। याद दिला दें कि एक बार रिएलिटी शो के दौरान रोहित शेट्टी ने सलमान खान से इस बारे में पूछा था तो उन्होंने जवाब में कहा था कि मैं एक बार कमिटमेंट कर दूं तो उसे पूरा करता हूं।

बता दें कि सिंघम अगेन रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स का हिस्सा है। अजय देवगन स्टारर इस फिल्म में करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, अक्षय




कुमार, टाइगर श्रॉफ और अर्जुन कपूर जैसे कई बड़े स्टार्स हैं। ऐसे में सलमान खान की एंट्री भर से फिल्म की कमाई नया मुकाम हासिल कर सकती है। इस यूनिवर्स की सिंघम सीरीज के अलावा सूर्यवंशी और सिंबा जैसी फिल्मों की टोटल कमाई जोड़ें तो वो 1००० करोड़ से ज्यादा बैठती है। ऐसे में ये भी हो सकता है कि ये फिल्म अकेले भी इस आंकड़े तक पहुंच जाए। फिल्म के नॉन थिएट्रिकल राइट्स पहले ही 2०० करोड़ में बिक चुके हैं।

# दुर्घटना को वारदात बताने का हुआ पर्दाफाश, दो गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। दुर्घटना को वारदात बता कर रंजिश पूरी करने के प्लान का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से पिस्टल, देशी तमंचा व कारतूस भी बरामद किये गये है।

जानकारी के अनुसार बीती शाम कोतवाली गंगनहर पुलिस ने एक सूचना के बाद सावेज व समीर को देसी तमंचे कारतूस व पिस्टल के साथ पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान पेशे से नाई समीर ने जानकारी दी कि उसका और उसके रिश्तेदार नदीम का रामपुर गांव के लड़कों से काफी समय से झगड़ा चल रहा है जिनके ग्रुप का हेड मोबीन नामक युवक है। बताया कि बीती 9 अक्टूबर को समीर को नदीम ने पिस्टल के साथ पुहाना बुलाया। कब्रिस्तान में जब दोनों मिले तो गलती से पिस्टल से फायर हो गया और नदीम की जांघ पर गोली लग गयी। अस्पताल में ईलाज कराने पर पुलिस केस होता देख दोनों ने झूठी कहानी बनाते हुए नदीम के भाई को गुमराह कर विपक्षी मोबीन पर जानलेवा फायर करने का झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया। बरामद की गई पिस्टल वही है जिससे गोली चलने के कारण नदीम घायल हुआ था। पुलिस पड़ताल में सारा सच सामने आने पर कोतवाली गंगनहर में मुकदमा आर्म्स एक्ट बनाम समीर आदि पंजीकृत किया गया। जिसमें विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## दुकान का शटर काटकर हजारों रूपये का सामान चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दुकान का शटर तोडकर वहां से हजारों रूपये का सामान व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खुडबुडा मौहल्ला निवासी सानू अग्रवाल ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी झण्डा बाजार में दुकान है। आज जब वह अपनी दुकान पर पहुंचा तो उसने देखा कि उसकी दुकान का शटर टूटा हुआ था तथा अन्दर से सामान व नगदी गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## जमीन के नाम पर ठगे 50 लाख रुपये ...

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

द्वारा उसकी आवश्यकतानुसार भूमि दिखाने पर सहमति जताई गयी। प्रदीप सकलानी द्वारा उसको एक आवासीय भूमि बद्रीपुर में दिखाई गयी तथा उसको कहा गया उक्त सम्पत्ति के मूल स्वामी मनमोहन शर्मा निवासी शिवा एनक्लेव, जीएमएस रोड, देहरादून से उसका एक अनुबन्ध पत्र सम्पादितं हुआ है जिस अनुसार उसे उक्त सम्पत्ति को क्रय विक्रय करने का अधिकार प्राप्त है। उसको उक्त सम्पत्ति पंसन्द आई एवं उसके द्वारा उक्त सम्पत्ति के बाबत् प्रदीप सकलानी को बतौर टोकन मनी एक लाख रूपयें अदा कर दिये गये और जिसपर उसके एवं उक्त व्यक्ति द्वारा आप सहमति से अनुबन्ध पत्र निष्पादित किया गया और उसके पश्चात् उसके द्वारा प्रदीप सकलानी को अपने एवं अपने रिश्तेदारो और जानकारों से एकत्रित किये हुओ अडतालीस लाख रूपये दिये गये जिसमें कुल पचास लाख रूपये प्रदीप सकलानी व मूल स्वामी मनमोहन शर्मा को उसके द्वारा अदा किये जा चुके है। कुछ समय पश्चात् उसके द्वारा प्रदीप सकलानी को विक्रय पत्र निष्पादित करने के लिये कहा गया तो प्रदीप सकलानी द्वारा आनाकानी की गयी। कई बार कहने पर भी जब रजिस्ट्री नहीं करायी गयी तो उसने अपने रूपये वापस मांगे तो उसने उसको जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# राज्य की चार प्रमुख सड़कों को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में बढ़ते वाहनों के दबाव को कम करने के लिए सरकार द्वारा राज्य की कुछ प्रमुख सड़कों को निजी कंपनियों के हाथों में देने पर विचार किया जा रहा है।




जानकारी के मुताबिक तीन स्टेट रोड सहित चार सड़कों को इसके लिए चिन्हित किया गया है इन सड़कों पर यातायात का दबाव अधिक होने के कारण आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य सरकार अपने ही खर्च पर इन सड़कों को फोर लेन बनवा सके इतने पैसे सरकार के पास नहीं है और न इतने संसाधन है। यही कारण है कि वह इस काम को पीपीपी मोड में कराए जाने पर विचार कर रही है। रामनगर कालाढूंगी और बहादराबाद हरिद्वार सहित चार सड़कों को फोरलेन बनाने के लिए चिन्हित किया गया है।

इन सड़कों को फोरलेन बनाने के लिए जमीन अधिकार का काम सरकार ही करेगी। सरकार जमीन अधिग्रहण कर कंपनी को देगी और कंपनी सड़कों का निर्माण कराएगी। इन सड़कों के निर्माण पर जो भी खर्च आएगा उसकी वसूली कंपनी टोल टैक्स के जरिए करेगी। हालांकि अभी इस पूरी योजना को अमली जामा पहनाने में समय लगेगा और सरकार द्वारा अभी इसकी मंजूरी भी नहीं दी गई लेकिन विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई है तथा चार सड़कों को इसके लिए चिन्हित भी किया जा चुका है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मंजूरी मिलने के बात ही इस पर काम शुरू हो सकेगा हां राज्य के लोगों को चकाचक सड़कों का आनंद लेना है तो उन्हें अपनी जेब भी ढीली करनी पड़ेगी लेकिन इसके साथ ही राज्य में यातायात तो सुचारू होगा ही साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**❑यातायात सुगम बनाने के लिए फोर लाइन बनाया जाएगा**

**❑चकाचक सड़कों पर चलने के लिए देना पड़ेगा टोल टैक्स**

# मकान का ताला तोड़ चोरी करने वाला दबोचा, लाखों के जेवरात बरामद



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले एक शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से चुराये गये लाखों रूपये के जेवरात भी बरामद किये गये है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज लोधा मंडी निकट काली मंदिर ज्वालापुर निवासी नेहा पत्नी सुरेश ने कोतवाली ज्वालापुर में तहरीर देकर बताया गया कि उनके पड़ोस में रहने वाले सूरज नाम के एक व्यक्ति ने उनके घर का ताला तोड़कर उनके घर से लाखों के सोने के जेवरात चोरी कर लिये गये है। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी सूरज की तलाश शुरू कर दी गयी। जिसे पुलिस ने देर रात एक सूचना के बाद जटवाड़ा पुल के निकट स्थित अंडरपास के पास सर्विस रोड से चोरी की ज्वेलरी के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

# 41 हजार की नगदी सहित 8 जुआरी दबोचे

हमारे संवाददाता

पिथौरागढ़। दुकान में जुआ खेल रहे आठ जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से 41 हजार 500 रुपये की नगदी बरामद की गयी है।



जानकारी के अनुसार बीती रात थाना गंगोलीहाट पुलिस को सूचना मिली कि चौनाला स्थित एक दुकान में कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान पर दबिश देकर 8 लोगों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया है। जिनकी तलाशी से व जुए के फड़ से कुल 41500 रूपये नकद बरामद किये गए।

आरोपियों के खिलाफ थाना गंगोलीहाट में धारा-13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों के नाम दीपक सिंह पुत्र मान सिंह, विक्रम सिंह पुत्र किशन सिंह, गोपाल सिंह पुत्र दलीप सिंह, अर्जुन सिंह पुत्र पूरन सिंह, श्याम सिंह पुत्र नैन सिंह, राजेन्द्र सिंह पुत्र जोगा सिंह, उमेद सिंह पुत्र हर सिंह व तुला सिंह पुत्र नारायण सिंह निवासी गंगोलीहाट बताये जा रहे है।

## एक नजर




नहीं दिखेंगे भिखारी...।

# नायब सिंह सैनी ने लगातार दूसरी बार ली हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ

पंचकुला। हरियाणा में आज दूसरी बार नायब सैनी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह पंचकूला के दशहरा ग्राउंड में सम्पन्न हुआ, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल हुए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पीएम नरेंद्र मोदी शामिल हुए। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सैनी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के लिए पंचकुला में भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल हुए। पंचकुला के दशहरा मैदान में समारोह का आयोजन किया गया था। इस दौरान सैनी के मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी शपथ ली। हरियाणा में मुख्यमंत्री समेत अधिकतम 14 मंत्री हो सकते हैं। बीजेपी विधायक अनिल विज, कृष्ण लाल पंवार, राव नरबीर सिंह, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल, अरविंद कुमार शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर सिंह गंगवा, श्रुति चौधरी और कृष्ण बेदी ने हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। वहीं भाजपा विधायक आरती सिंह राव, राजेश नागर, गौरव गौतम ने हरियाणा सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। इस समारोह में बीजेपी शासित राज्यों के 20 मुख्यमंत्री शामिल हुए।



# रामगोपाल मिश्रा की हत्या में आरोपित मोहम्मद दानिश गिरफ्तार, नेपाल भागने की फिराक में था

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बहराइच में राम गोपाल मिश्रा की हत्या मामले में पहली गिरफ्तारी हो गई है। आरोपित की पहचान राजा उर्फ मोहम्मद दानिश उर्फ जहीर/सहीर खान के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि नेपाल जाने की फिराक में था, लेकिन उसे माहसी खंड में राजी क्रॉसिंग पर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब जहीर से इस मामले में पूछताछ कर रही है। वहीं सरफराज समेत 5 अन्य आरोपितों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है। मालूम हो कि बहराइच हिंसा मामले में अब तक 11 एफआईआर दर्ज हुई हैं इसमें 6 नामजद और 1304 अज्ञात लोगों को आरोपित बनाया गया है। वहीं राम गोपाल की हत्या मामले में 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। मोहम्मद दानिश उर्फ साहिर/जहीर खान इन्हीं आरोपितों में से एक था। उसके अलावा अब्दुल हामिद, सरफराज, फहीम भी इस मामले में आरोपित हैं। गौरतलब है कि 13 अक्टूबर को दुर्गा विसर्जन के दौरान हुई हिंसा मामले में अब तक 55 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों की पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हुई है। इसके अलावा प्रशासन ने इस मामले पर एक्शन लेते हुए महसी सीओ रूपेंद्र गौड़ा को निलंबित कर दिया है।



## -नकली नोट गिरोह के तार जुड़े यूपी और राजस्थान से-

# गैंग लीडर के बैंक खाते में अवैध ट्रांजेक्शन कराने वाले तीन गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

नैनीताल। उत्तराखण्ड में नकली नोट चलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने जहां 9, 13 व 14 अक्टूबर को आठ लोगो को गिरफ्तार कर उनसे लाखों रूपये के नकली नोट बरामद किये गये थे वहीं अब इस गिरोह के सरगना के तार यूपी और राजस्थान से भी जुड़े पाये गये है। पुलिस ने यूपी और राजस्थान के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जो गैंग लीडर के खाते में अवैध ट्रांजेक्शन करवाते थे।

नकली नोट चलाने वाले गैंग लीडर शिवम वर्मा के खातों की जब पुलिस ने जांच की तो उसके बैंक खाते में हुए संदिग्ध ट्रान्जेक्शन को लेकर बैंक प्रबन्धक की ओर से कोतवाली लालकुंआ में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसकी जांच की जा रही थी।

जांच के दौरान पुलिस को पता चता कि गैंग लीडर शिवम वर्मा के खाते मे आये उक्त पैसा रिहान पुत्र साबिर निवासी रम्पुरा माफी थाना भोजीपुरा जिला बरेली उ.प्र, शाकिर खान पुत्र साबिर निवासी रम्पुरा माफी थाना भोजीपुरा जिला बरेली व संदीप पंवार पुत्र स्व. हरदेव पंवार निवासी एफसीआई गोदाम के पीछे चन्देरिया थाना चित्तौडगढ राजस्थान के माध्यम से आना पाया गया तथा विवेचना में पाया कि इन तीनों द्वारा लोगो से अपनी पहचान छिपाकर उक्त खाते में ऑनलाइन गेमिंग एप के माध्यम से पैसे लिए गए थे। जिस पर पुलिस ने इन तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। जिन्होने पूछताछ में बताया कि वे लोगों से कमीशन के बेस पर जीएसटी खातो का विवरण लेते हैं तथा अपना नाम पता छिपाकर उक्त खातों को आनलाईन गेमिंग एप बाइनेंस एप्प, 99 टेलीग्राम ग्रुप बनाकर लगाते है तथा उनसे जो पैसा आता है वो इन खातो में लेते हैं, तथा उक्त रूपयों को पैसो क्रिप्टो कैरेंसी में इन्वैस्ट करते हैं। पुलिस ने तीनों को नोटिस तामिल कराया गया है।



## मंदिर का ताला तोडकर दानपात्र व सिलेण्डर चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मंदिर का ताल तोडकर वहां से दानपात्र व सिलेण्डर चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार डाकपत्थर निवासी अभी शर्मा ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज जब वह शहीद भगत सिंह कालोनी स्थित शिव मंदिर में पहुंचा तो उसने देखा कि मंदिर का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर दानपात्र व गैस सिलेण्डर गायब था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## शराब के साथ महिला सहित दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहरू कालोनी थाना पुलिस ने एच ब्लॉक के पास एक महिला को संदिग्ध अवस्था में खडे देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडी हुई। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसक कब्जे से 52 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम आइशा पत्नी मोनू निवासी सपेरा बस्ती रिस्पना पुल बताया। वहीं सहसपुर थाना पुलिस ने लांघा रोड से एक व्यक्ति को 49 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया जिसने अपना नाम किशन थापा पुत्र कर्णा थाना निवासी मायाराम बसती छरबा सहसपुर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# चोरी की तीन बाइक सहित शातिर गिरफ्तार



हरिद्वार। बाइक चोरी मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक शातिर को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से चुरायी गयी तीन बाइकें भी बरामद की गयी है।

जानकारी के अनुसार बीती 15 अक्टूबर को रूद्र देव पुत्र स्वर्गीय संजीव कुमार निवासी गूघाल मंदिर पांण्डेवाला द्वारा कोतवाली ज्वालापुर में तहरीर देकर बताया गया था कि उनकी बाइक जो लक्की डेयरी निकट गुघाल मन्दिर के सामने खड़ी थी अज्ञात चोर द्वारा चुरा ली गयी है।

मामले मे पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी गयी। जिसे कड़ी मशक्कत के बाद देर रात चुरायी गयी बाइक सहित रेगुलेटर पुलिस नहर पटरी जाने वाली रोड से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम जतिन कश्यप पुत्र सतीश कश्यप निवासी जट बहादुरपुर थाना पथरी जनपद हरिद्वार बताया।

बताया कि यह मोटरसाइकिल मैंने गुघाल मंदिर के पास से चोरी की थी। गयी दो अन्य बाइक भी बरामद की है। उसने बताया कि यह मोटरसाइकिले उसने कांवड़ मेले के समय चोरी की थी। बहरहाल पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**
**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*